CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 332 ▫ रायपुर, शनिवार 27 दिसम्बर 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक

## वीबी जी राम जी कानून के विरोध और विधानसभा चुनावों की रणनीति पर चर्चा



नई दिल्ली, 27 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। शनिवार को नई दिल्ली में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई। इस बैठक से पहले कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने बताया कि देशहित के विभिन्न मुद्दों पर इस बैठक में चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा, %राष्ट्रीय महत्व के कई मुद्दे हैं जिन पर बात करनी है। यह सरकार मनरेगा को लेकर जो प्लान बना रही है, उससे लाखों मजदूरों की जिंदगी खतरे में पड़ जाएगी। मुझे लगता है कि भाजपा सरकार ने अपने लिए यह बहुत खतरनाक लक्ष्य तय किया है, और हम इस लक्ष्य को रोकने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। इनके अलावा कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति पर भी बात हुई।

कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के लिए सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। कांग्रेस सांसद शशि थरूर भी कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। बैठक में मौजूदा राजनीतिक हालात और सरकार के खिलाफ कांग्रेस के एक्शन प्लान पर चर्चा हुई। साथ ही मनरेगा की जगह लाए गए नए कानून विकासशील भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड अजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी एक्ट के खिलाफ रणनीति भी तय की गई। कांग्रेस ने संकेत दिया है कि इस कानून के विरोध में देशभर में आंदोलन और प्रदर्शन किए जाएंगे। बैठक में कांग्रेस शासित राज्यों- तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे। इनके अलावा प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के प्रमुखों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। अगले साल असम, केरल, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में कार्यसमिति की बैठक में इन चुनाव की रणनीति पर भी चर्चा हुई।

## जनवरी 2026 तक नक्सलियों को सरेंडर करने की अंतिम मोहलत!



अब सीधे खात्मे की तैयारी

रायपुर, 27 दिसंबर (हाईवे चैनल)। नक्सलियों के सरेंडर और पुनर्वास को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार गृह मंत्रालय नक्सलियों के सरेंडर की अंतिम तारीख तय कर सकता है। अनुमान है कि जनवरी 2026 तक ही सरेंडर और पुनर्वास की अंतिम तारीख हो सकती है। बता दें कि 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से सशस्त्र नक्सलवाद खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद के खात्मे की घोषणा की है। इधर एक अन्य खबर में नक्सली कमांडर गणेश उईके समेत 6 नक्सलियों को जिस जगह पर जवानों ने मार गिराया है, ओड़िसा के कंधमाल जिले के उसी जंगल में सुरक्षाबलों का ऑपरेशन लगातार जारी है। सर्च ऑपरेशन के बीच आज जवानों ने कंधमाल जिले के उसी जंगल में दो आईईडी रिकवर किया है।?? जवानों ने मौके पर ही आईईडी को ब्लास्ट कर निष्क्रिय कर दिया है। मौके पर और भी नक्सलियों की मौजूदगी की आशंका में जवानों का ऑपरेशन लगातार जारी है और इस ऑपरेशन की मॉनिटरिंग ओड़िसा पुलिस के आईपीएस अखिलेश्वर सिंह डीआईजी ऑपरेशन लगातार कर रहे हैं।

### ब्रेकिंग न्यूज

### दो ट्रकों की आपस में भिड़ंत, दोनों ड्राइवरों की मौके पर हुई मौत

जशपुर, 27 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के जशपुर में आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. कोतवाली थाना क्षेत्र के काईकछार में दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ट्रक सड़क पर पलट गए. हादसे में दोनों ट्रकों के चालकों की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गैस कटर की मदद से ट्रकों में फंसे शवों को बाहर निकाला. पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

### हिंदुस्तान को पाकिस्तान बनने से रोको, 3-4 बच्चे पैदा करें हिंदू: नवनीत राणा

नई दिल्ली, 27 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। भाजपा नेता नवनीत राणा ने हिंदुओं से एक विचित्र अपील करते हुए कहा है कि वे कम से कम तीन से चार बच्चे पैदा करें ताकि देश की जनसंख्या संरचना पाकिस्तान जैसी न हो जाए। पत्रकारों से बात करते हुए राणा ने कहा कि कुछ लोग कई पत्नियां और कई बच्चे रखते हैं, जिससे उनकी जनसंख्या बढ़ती रहती है, और इसे रोकने के लिए उन्होंने हिंदुओं से कम से कम तीन से चार बच्चे पैदा करने का आग्रह किया ताकि हिंदुस्तान की रक्षा हो सके। भाजपा नेता ने पत्रकारों से कहा कि मैं सभी हिंदुओं से अपील करता हूं। सुनिए, ये लोग खुलेआम कहते हैं कि उनकी चार पत्नियां और 19 बच्चे हैं। मेरा सुझाव है कि हमें कम से कम तीन से चार बच्चे पैदा करने चाहिए। राणा ने आगे कहा कि मुझे नहीं पता कि वह मौलाना हैं या कोई और, लेकिन उन्होंने कहा कि उनके 19 बच्चे और चार पत्नियां हैं, लेकिन वे 30 बच्चों की संख्या पूरी नहीं कर पाए। वे बड़ी संख्या में बच्चे पैदा करके हिंदुस्तान को पाकिस्तान में बदलना चाहते हैं, तो हम सिर्फ एक बच्चे से क्यों संतुष्ट हो जाएं? हमें भी तीन से चार बच्चे पैदा करने चाहिए। इस टिप्पणी ने विवाद को जन्म दिया है, जिसमें कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने आरएसएस और भाजपा द्वारा इस तरह की पागल सो को समाप्त करने का आह्वान किया है।






चूहा- सुनती हो, रेल सफर आज से महंगा हो गया..!
चुहिया- हां जी, अब कोई बोल तो नहीं सकेगा कि नया साल महंगाई लेकर आया।

## कुलदीप सेंगर को मिला बृजभूषण सिंह का साथ बोले- वो निर्दोष हैं उनके खिलाफ साजिश रची गई



नई दिल्ली, 27 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। उन्नाव रेप केस के आरोपी कुलदीप सेंगर को बृजभूषण सिंह ने अपना समर्थन दिया है। कुलदीप के पक्ष में बोलते हुए बृजभूषण ने कहा कि वो निर्दोष हैं उनके खिलाफ साजिश रची गई है।

मीडिया से बात करते हुए बृजभूषण शरण सिंह ने अपनी और सेंगर की स्थिति की तुलना की। उन्होंने कहा, कुलदीप सिंह सेंगर के साथ अन्याय और षड्यंत्र हुआ था। जिस तरह मेरे खिलाफ विश्वव्यापी साजिश रची गई थी, वैसी ही स्थिति उनके साथ भी थी। फर्क सिर्फ इतना है कि जनता मेरे साथ खड़ी हो गई और मैं बाहर आ गया, लेकिन सेंगर ऐसा नहीं कर पाए। विपक्षी दलों और प्रदर्शनकारियों पर निशाना साधते हुए पूर्व सांसद ने पूछा कि क्या यह देश धरना-प्रदर्शनों के दम पर चलेगा? उन्होंने कहा, कुलदीप सेंगर तीन-चार साल से जेल में थे, लेकिन क्या उनके परिवार या लाखों समर्थकों ने कभी सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया? उन्होंने न्यायपालिका पर भरोसा किया और कानूनी प्रक्रिया का पालन किया। अब कोर्ट ने उन्हें जमानत दी है, तो सबको इसका सम्मान करना चाहिए। बीजेपी नेता ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि सेंगर को फंसाने वाले लोग आज भी सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग धरना दे रहे हैं, वे कहीं न कहीं से प्रेरित हैं और उनके पीछे कोई बड़ी ताकत काम कर रही है। फिलहाल, बृजभूषण शरण सिंह के इस बयान ने सियासी गलियारों में नई बहस छेड़ दी है। विपक्षी दल इसे कानून और संवेदनशीलता के खिलाफ बता रहे हैं, वहीं समर्थकों के बीच इस बयान ने नई जान फूंक दी है।

### सीरिया मस्जिद विस्फोट की अल-सुन्ना ने ली जिम्मेदारी

नई दिल्ली, 27 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। सीरिया के होम्स शहर की एक मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान हुए बम विस्फोट में कम से कम आठ लोगों की मौत और 18 घायल हो गए। आतंकी संगठन सरया अंसार अल-सुन्ना ने हमले की जिम्मेदारी ली है। घटना ने सीरिया की सुरक्षा स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब सीरिया हाल ही में ढ्ढस्ढ्ढस् के खिलाफ वैश्विक गठबंधन में शामिल हुआ है। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि आतंकी संगठन अब धार्मिक स्थलों को जानबूझकर निशाना बना रहे हैं ताकि सांप्रदायिक तनाव को दोबारा भड़काया जा सके।सरकारी समाचार एजेंसी 'सना' के मुताबिक, मस्जिद के भीतर पहले से लगाए गए विस्फोटक उपकरण से धमाका हुआ। धमाके के बाद मस्जिद के अंदर खून से सने कालीन, टूटी खिड़कियां और दीवारों में गहरे छेद देखे गए। आतंकी संगठन सरया अंसार अल-सुन्ना ने टेलीग्राम पर बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली है।

## जो घुसपैठ कर रहे हैं, उनको कान पकड़कर बाहर फेंका जाएगा : शर्मा



मुस्लिम समाज के प्रदर्शन पर गृह मंत्री का बयान

रायपुर, 27 दिसंबर (हाईवे चैनल)। अलसुबह की गई पुलिस कार्रवाई के विरोध में मुस्लिम समाज के प्रदर्शन पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पुलिस जांच में सहयोग करना चाहिए. चाहे किसी के लिए भी हो. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इसके साथ एसआईआर के विषय पर मीडिया से चर्चा में कहा कि अगर ऐसे कोई लोग पकड़े जाते हैं, तो कार्रवाई होगी, जो घुसपैठ रह रहे है, उनके कान पड़कर बाहर फेंका जाएगा, वापस बांग्लादेश भेजा जाएगा. जितनी जांच की जरूरत होगी, वह सब जांच भी होगी.

इसके साथ मैग्नेटो मॉल में तोड़फोड़ मामले में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के गिरफ्तारी देने पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मैग्नेटो मॉल में एक घटना सामने आई थी, जिसमें फिर जो हुआ है उसमें भी कार्रवाई चल रही है. वहीं गार्ड ऑफ़ ऑनर की प्रथा बंद होने पर कहा कि जनता जनार्दन के साथ सरकार काम करे. गार्ड ऑफ़ ऑनर जैसी परम्परा की आवश्यकता नहीं है. इसमें बड़ा बल हमेशा रहता था. इसकी कोई आवश्यकता नहीं है.

## अजय चंद्राकर ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के संस्कार पर उठाए सवाल कहा- चालीसा पढ़ते होंगे लेकिन कुंभकरण-रावण के साथ खड़े हैं



नाम पर नहीं, बल्कि उसके प्रारूप और नियमों पर चर्चा होनी चाहिए : अजय

रायपुर 27 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के धीरेंद्र शास्त्री के जन्म से पहले हनुमान चालीसा पढ़ते आ रहे हैं वाले बयान पर विधायक अजय चंद्राकर की प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने कहा कि वे हनुमान चालीसा पढ़ते होंगे, लेकिन वे खड़े कुंभकरण-रावण के साथ हैं. हनुमान चालीसा का प्रभाव उनके साथ कहां हैं. उनकी वाणी बताती है कि संस्कार किस ओर हैं.

कांग्रेस के व्हीबी जीरामजी के खिलाफ विरोध को लेकर विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि नाम पर नहीं, बल्कि उसके प्रारूप और नियमों पर चर्चा होनी चाहिए. नया कानून के नए स्वरूप पर चर्चा होनी चाहिए. राजीव-इंदिरा गांधी का नाम हमने नहीं हटाया, वे उनके लिए पूजनीय हैं. महात्मा गांधी वर्ल्ड आइकॉन हैं. विधायक अजय चंद्राकर ने राहुल गांधी के संभावित छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर कहा कि राहुल गांधी को पहले आत्मचिंतन करना चाहिए. 5 साल में कांग्रेस चुनाव क्यों हारी, इसका अध्ययन जरूरी है. ग्रामीण कार्यकर्ताओं को परेशान न करें, इनके पास ट्रेनिंग का विजन नहीं. आत्मचिंतन के लिए विदेश जाने का अवसर उनके पास है. छत्तीसगढ़ के हालात अच्छे हैं.

## बांग्लादेश में सांप्रदायिक हिंसा भड़की फिर 2 हिंदुओं की भीड़ ने ली जान



नई दिल्ली, 27 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। बांग्लादेश इन दिनों गहरे राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल के दौर से गुजर रहा है। सत्ता परिवर्तन के बाद हालात संभलने के बजाय और ज्यादा बिगड़ते नजर आ रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद बने अंतरिम ढांचे के सामने कानून-व्यवस्था बड़ी चुनौती बन गई है।

बता दें कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान 17 साल के निर्वासन के बाद देश लौटे हैं। उनकी वापसी को आगामी आम चुनावों से पहले बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम माना जा रहा है। हालांकि, यह वापसी ऐसे समय हुई है जब देश में हिंसा, विरोध प्रदर्शन और अल्पसंख्यकों पर हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार, हाल के दिनों में हिंदू समुदाय के दो लोगों दीपु चंद्र दास और अमृत मंडल की भीड़ द्वारा हत्या कर दी गई। इन घटनाओं के बाद भारत में भी विरोध तेज हो गया है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल जैसे संगठनों ने कई शहरों में प्रदर्शन किए हैं, जबकि राजनीतिक दलों ने केंद्र सरकार से कड़ा रुख अपनाने की मांग की है। गौरतलब है कि बांग्लादेश में कानून व्यवस्था को लेकर अंतरराष्ट्रीय चिंता भी बढ़ी है। संयुक्त राष्ट्र ने वहां हो रही हिंसा पर चिंता जताते हुए निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने की अपील की है। वहीं भारत के विदेश मंत्रालय ने भी अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर चिंता जाहिर की है।

## 1 जनवरी 2026 से बदल जाएंगे यह बड़े नियम, बंद हो जाएंगी कई सुविधाएं!



नई दिल्ली, 27 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। 1 जनवरी 2026 से आपकी जिंदगी से जुड़े कई अहम नियम बदलने जा रहे हैं। ये बदलाव बैंकिंग से लेकर सोशल मीडिया और किसानों की योजनाओं तक फैले हुए हैं। नए साल के पहले दिन से लागू होने वाले ये नियम न केवल आपके बजट को प्रभावित करेंगे बल्कि आपकी डिजिटल सुरक्षा को भी मजबूत करेंगे।

अब तक आपका क्रेडिट स्कोर हर 15 दिन में अपडेट होता था लेकिन 1 जनवरी से यह हर हफ्ते अपडेट होगा। यदि आप समय पर लोन चुकाते हैं तो आपका स्कोर तुरंत सुधरेगा और आपको सस्ता लोन मिलने में आसानी होगी। कई बड़े बैंकों ने अपनी ब्याज दरों में कटौती का एलान किया है जो जनवरी से लागू होगा। इससे आपके होम लोन और पर्सनल लोन की ईएमआई का बोझ कम हो सकता है। साथ ही एफडी (फिक्स्ड डिपॉजिट) की नई दरें भी प्रभावी होंगी।अगर आपने 31 दिसंबर 2025 तक अपने पेन को आधार से लिंक नहीं किया है तो 1 जनवरी से आपका पैन कार्ड काम करना बंद कर देगा। इसके बिना आप न तो बैंक खाता खुलवा पाएंगे और न ही भारी लेनदेन कर पाएंगे। ऑनलाइन धोखाधड़ी रोकने के लिए सरकार यूपीआई और मैसेजिंग ऐप्स पर डिजिटल वेरिफिकेशन के नियम सख्त कर रही है। अब लेनदेन के दौरान सुरक्षा के कुछ अतिरिक्त स्टेप्स पूरे करने पड़ सकते हैं। 1 जनवरी से बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। 16 साल से कम उम्र के बच्चों द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर प्रतिबंध या कड़ा पेरेंटल कंट्रोल (माता-पिता की निगरानी) लागू हो सकता है। अब बिना उम्र सत्यापनके सोशल मीडिया एक्सेस करना मुश्किल होगा। 8वां वेतन आयोग चर्चा है कि 1 जनवरी 2026 से 8वें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू हो सकती हैं। इससे सरकारी कर्मचारियों की सैलरी और महंगाई भत्ते में बड़ा इजाफा देखने को मिल सकता है। पीएम-किसान योजना का लाभ जारी रखने के लिए अब एक विशिष्ट आईडी अनिवार्य होगी। फसल बीमा के नियमों में भी सुधार किया गया है जिसमें जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान को भी शामिल किया गया है।

## बहन के प्रेमी को मारकर जलाया



■ छपौरा गांव हत्याकांड मामले में खुलासा

रायपुर, 27 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छपौरा गांव के खेत में मिली अधजली लाश के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस हत्याकांड में प्रेम प्रसंग को वजह बताते हुए पुलिस ने दो आरोपियों अर्जुन धुर्व और अजित उर्फ हरजित लहरे को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक ललित धीवर का अर्जुन धुर्व की बहन के साथ प्रेम प्रसंग था। इसी रंजिश के चलते दोनों आरोपियों ने साजिश रचकर ललित की हत्या की। आरोपियों ने उसे जयंती कार्यक्रम में बुलाने के बहाने खेत में ले गए, जहां शराब पिलाने के दौरान उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। हत्या के बाद पहचान छिपाने और सबूत मिटाने के इरादे से आरोपियों ने शव को जलाने की कोशिश की और उसे गांव के बाहर खेत में फेंक दिया। मामला विधानसभा थाना क्षेत्र में दर्ज किया गया था। गौरतलब है कि 23 दिसंबर को छपौरा गांव के बाहर खेत में एक युवक का जला हुआ शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया था। शव बुरी तरह झुलसा होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। सूचना पर विधानसभा थाना पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में ही पुलिस को आशंका थी कि हत्या कहीं और कर शव को खेत में लाकर जलाया गया है। अब पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मृतक की पहचान ललित धीवर के रूप में हुई है, जिसकी उम्र करीब 30 से 32 वर्ष थी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे हत्याकांड का विस्तृत खुलासा किया जाएगा।

CMYK